» न्यूज-ब्रीफ

राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ

बानसूर (सीमा सन्देश सं)। नगर पालिका क्षेत्र स्थित मूर्ति देवी महाविद्यालय - बानसूर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन सेवा निवृत्त प्रिंसीपल श्री बनवारी लाल यादव, शिवलाल यादव एवं निदेशक मुकेश यादव व प्राचार्य जे.के यादव ने माँ सरस्वती के सामने दीप प्रजवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। इसके बाद स्वयं सेवक एवं स्वयं सेविकाएँ ने एनएसएस के लक्ष्य गीत को गाकर राष्ट्रीय सेवा के ध्येय वाक्य स्वयं से पहले आपको विशेष शिविर में चरितार्थ करने की प्रतिज्ञा ली /एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्री विक्रम सिंह आर्य ने सात दिवस तक चलने वाली एनएसएस के विशिष्ट कार्य योजनाओं का संक्षेप में वर्णन प्रस्तुत किया। इसके बाद बनवारीलाल ने शिक्षा प्रति जागरूक बने रहने के लिए स्वयं सेवक व सेविकाओं को प्रोत्साहित किया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी एवं समस्त स्टॉफ मौजूद रहे।

सुशासन से ही लोकतंत्र की सफलता सुनिश्चित होती है : एडीएम

- **सुशासन सप्ताह के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन**

कोटपूतली। राज्य में 19 से 24 दिसम्बर तक आयोजित 'सुशासन सप्ताह' के तहत सोमवार को सुशासन के लिये किये गये नवाचारों एवं प्रयासों की जानकारी आमजन के साथ साझा करने के संबंध में एडीएम ओमप्रकाश सहारण की अध्यक्षता में स्थानीय पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये एडीएम ने कहा कि सुशासन से ही लोकतंत्र की सफलता सुनिश्चित होती है। अगर सुशासन का ढ़ांचा ही मजबूत नहीं होगा तो लोकतंत्र के उद्देश्यों की पूर्ति नहीं हो सकती है।

सही मायनों में सुशासन आमजन से जुड़े कानून, नियमों, सुविधाओं एवं अधिकारों को आमजन तक बिना किसी औपचारिकता के पहुंचाना एवं उसका लाभ दिलवाना है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी उनके विभागों में आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुये कर्तव्यनिष्ठता के साथ पूर्ण करें। साथ ही कार्यालयों में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ श्रेष्ठतम व्यवहार करते हुये उन्हें पूर्ण रूप से संतुष्ठ करके ही वापस भेजें। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्मिक को उसके विभाग से जुड़े कार्यों के सभी नियमों एवं कानून की पूर्ण जानकारी होनी चाहिये।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक अधिकारी की नैतिक जिम्मेदारी है कि वह अपने अधीनस्थ कर्मचारी से विभाग के कार्यों का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन सुनिश्चित करायें। एसीईओ रामनिवास ने बताया कि केन्द्र व राज्य सरकार के निदेर्शानुसार 'सुशासन सप्ताह' के तहत 19 से 24 दिसम्बर तक 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान चलाकर जिले के सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर आयोजित कर आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई एवं उनके त्वरित निस्तारण का कार्य किया जा रहा है। साथ ही इन शिविरों में प्राप्त प्रकरणों को सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 22 दिसम्बर तक जिले में आयोजित सभी शिविरों में आये प्रकरणों में से मौके पर ही निस्तारण किया गया है। साथ ही शेष प्रकरणों के निस्तारण के लिये भी अग्रिम कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। इस दौरान सुशासन हेतु जिले में किये गये विभिन्न नवाचारों के बारे में अवगत करवाया गया। साथ ही सेवानिवृत्ति भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दिनेश यादव ने प्रशासन के अपने अनुभवों को साझा कर गुड गवर्नेंस के मूल्यों तथा बिंदुओं पर विस्तार से बताया तथा सभी प्रशासनिक अधिकारियों को गुड गवर्नेंस के एथिक्स को ध्यान में रखते हुए सभी बिंदुओं की पालना करने की सलाह दी।

इस दौरान नगर परिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, आईसीडीएस उपायुक्त सतपाल यादव, कृषि संयुक्त निदेशक महेंद्र कुमार जैन, हॉर्टिकल्चर उपायुक्त सरदारमल यादव, जिला शिक्षा अधिकारी रामसिंह यादव, जिला जनसंपर्क अधिकारी नितिन कुमार, उपखंड अधिकारी बृजेश चौधरी आदि अधिकारी मौजूद रहे।

भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रभारी से शिष्टाचार भेंट

- **संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा**

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। राजधानी जयपुर में आयोजित युवा कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन में भाग लेने आये युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावारू व राष्ट्रीय अध्यक्ष उदयभानू चिब का युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत ने स्वागत अभिनंदन किया। इस मौके पर रावत ने दोनों नेताओं से शिष्टाचार भेंट करते हुये संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा भी की। इस दौरान युवा कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष यशवीर सुरा भी मौजूद रहे।

Rajasthan State Road Development And Construction Corporation Ltd., JAIPUR

No.NIT/2024-25/24061-85 **निविदा सूचना/2024-25** Date:23.12.2024

निम्नलिखित कार्यों के लिए केन्द्र / राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों एवं उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत एवं अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेन्ट प्रक्रिया हेतु ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है:

कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत (रु.)	निविदा सूचना संख्या
Addl. Work at construction of Govt. Ayurved, Yoga and Natural Chikitsa Integrated College. Kekri Distt. Ajmer **UBN: RRC2425WSOB00791**	43.16 Lakh	ई- 394/ 24-25
Construction of Truss Roofing at Nursing College, Chittorgarh **UBN: RRC2425WSOB00774**	22.39 Lakh	
Repairing of MGP'S work in Old Hospital at Bundi. **UBN: RRC2425WSOB00790**	14.28 Lakh	
External Development work at Umaid Hospital, Jodhpur. **UBN: RRC2425WSOB00770**	32.88 Lakh	
Construction Residential Accommodation for District and Session Judge (D.J.), Pratapgarh. **UBN: RRC2425WSOB00773**	111.21 Lakh	ई- 398/ 24-25
SITC of Face Reader Attendance System at Various Toll Plaza of RSRDC Roads, Rajasthan, **UBN: RRC2425WSOB00775**	17.66 Lakh	ई- 403/ 24-25
Construction Sewerage Treatment Plant of 300 KLD at Medical College Campus at Pali. **UBN: RRC2425WSOB00767**	170.76 Lakh	ई- 404/ 24-25
Construction of Rajkiya Shastri Sanskrit College at Jojawar. **UBN: RRC2425WSOB00769**	163.83 Lakh	
Construction of Electrical Sub-station (ESS) and Under Ground Water Tank at New Hospital Building, Pali **UBN: RRC2425WSOB00768**	58.46 Lakh	
Construction of Rajkiya Shastri Sanskrit College at Bonli Distt. Sawai Madhopur, Shri Madhopur, Sawar (Distt. Kekri) and Karauli **(04 No, works) UBN: (1)RRC2425WSOB00776 (2) RRC2425WSOB00764 (3)RRC2425WSOB00792 (4)RRC2425WSOB00783**	649.26 Lakh	ई- 405/ 24-25

निविदा से संबंधित प्रपत्र में निविदा शुल्क, धरोहर राशि, डाउनलोड करने व खोलने की तारीख सहित सम्पूर्ण विवरण एवं संशोधन वेबसाईट http:/eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.nic.in तथा http://roads.rajasthan.gov.in/rsrdc पर देखा जा सकता है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट **http:/eproc.rajasthan.gov.in** पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। **महाप्रबंधक**

लक्ष्मीनगर मोड़ पर अन्डरपास निर्माण की मांग

- **लक्ष्मीनगर अन्डरपास संघर्ष समिति ने सौंपे ज्ञापन**

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। कस्बे के लक्ष्मीनगर मोड़ पर अन्डरपास निर्माण की मांग को लेकर संघर्ष समिति द्वारा सोमवार को अध्यक्ष रामस्वरूप चौधरी के नेतृत्व में एडीएम ओमप्रकाश सहारण व एसडीएम बृजेश चौधरी को ज्ञापन सौंपा गया।

जिस पर अधिकारियों ने बताया कि उक्त समस्या गंभीर है। इसकी पूरी रिपोर्ट तैयार कर आगे भिजवाई जायेगी। शीघ्र ही उक्त समस्या का समाधान करवाया जायेगा। इस पर समिति ने अधिकारियों का आभार व्यक्त किया। जिसके बाद समिति ने सांसद प्रतिनिधि देवायूष सिंह को ज्ञापन सौंपकर लक्ष्मीनगर अंडरपास की समस्या से अवगत कराया। जिस पर सांसद प्रतिनिधि सिंह ने आश्वस्त किया कि इसकी रिपोर्ट बनाकर केन्द्रिय सडक, राजमार्ग एवं भूतल परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को भिजवाई जायेगी।

इसी क्रम में समिति द्वारा विधायक प्रतिनिधि करण पटेल को भी ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान प्रेमचंद ठेकेदार, उपाध्यक्ष रामेश्वर सैनी, सचिव रघुवीर गोयल, कोषाध्यक्ष भीखाराम सैनी, प्रकाश शर्मा, रामचंद्र सैनी, रविंद्र सिंह शेखावत, विजय आनंद भारद्वाज, सतीश यादव, हुकुमचंद, बाबूलाल कोकचा, संतलाल कश्यप, अशोक आर्य, ब्रह्मदेव कोकचा, राजेश सैनी, दीपक कटारिया, नेमीचंद हिंदू, कमलेश प्रजापत, जितेंद्र जिलेन्द्रा, गोपाल ठेकेदार, हीरालाल कुमावत, रमेश कुमार आर्य समेत अन्य मौजूद रहे।

महाराजा सूरजमल की जयंती कल

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। कस्बे के रामसिंहपुरा रोड़ स्थित महाराजा सूरजमल जाट छात्रावास में जाट शिरोमणि महाराजा सूरजमल की जयंती आगामी 25 दिसम्बर बुधवार को बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। कार्यकारिणी के महामंत्री एड. सुरेन्द्र चौधरी ने बताया कि इस मौके पर आय-व्यय का लेखा जोखा, आगामी वर्ष की कार्ययोजना, नवीन कार्यकारिणी का गठन भी किया जायेगा।

पूर्व विधायक मुक्तिलाल मोदी की पुण्यतिथि 31 दिसम्बर को

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। स्थानीय अग्रसेन भवन में रविवार रात्रि को अध्यक्ष एड़वोकेट योगेश शरण बंसल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि एड. अशोक बंसल ने बताया कि आगामी 31 दिसम्बर को नगरपरिषद पार्क में पूर्व विधायक मुक्तिलाल मोदी की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इस मौके पर देशभक्ति गीत व कविता का आयोजन भी होगा। मीडिया प्रभारी हेमन्त मोरीजावाला ने बताया की अग्रवाल समाज समिति कोटपूतली द्वारा प्रोफेशनल प्रकोष्ठ का गठन किया गया।

राज्य स्तरीय डेजर्ट ट्रैकिंग शिविर आयोजित

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट एण्ड गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर के तत्वाधान में 19 से 23 दिसंबर तक जैसलमेर में राज्य स्तरीय डेजर्ट ट्रैकिंग शिविर आयोजित किया गया। डेजर्ट ट्रैकिंग शिविर में स्थानीय संघ कोटपूतली के राजकीय एलबीएस पी.जी. महाविद्यालय की रेंजर लीडर कोमल शर्मा के नेतृत्व में दो रेंजर्स ने शिविर में सहभागिता की।

शिविर के दौरान जैसलमेर के विभिन्न ऐतिहासिक स्थल इंडो पाक बॉर्डर सहित दार्शनिक स्थलों का अवलोकन किया। वहीं रेगिस्तान के धोरों में कैमल सफारी का आनंद लिया। शिविर के दौरान बिना बर्तन के भोजन बनाना और विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता की। शिविर के समापन पर स्टेट चीफ कमिश्नर पूर्व आईएएस निरंजन आर्य ने शिविर का निरीक्षण किया एवं शिविर में सम्मिलित हुये रोवर रेंजर्स का उत्साहवर्धन किया। शिविर समापन पर कोटपूतली की रेंजर और रेंजर लीडर को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर के सफल आयोजन के लिये स्थानीय संघ कोटपूतली के एडीसी प्रशिक्षण हंसराज यादव, सचिव रामवीर यादव, सहायक सचिव कमलेश कुम्हार, कोषाध्यक्ष हंसराज रावत, असिस्टेंट लीडर ट्रेनर (स्काउट) सीताराम गुप्ता, एलबीएस महाविद्यालय के रोवर लीडर कपूर चंद वर्मा, शीशराम यादव, प्राचार्य राजेंद्र सिंह, महाविद्यालय के सीनियर रोवर अनमोल गोयल ने बधाई प्रेषित की।

बाबा साहेब के सम्मान में बसपा का धरना प्रदर्शन आज

बानसूर (सीमा सन्देश सं)। बहुजन समाज पार्टी के कोटपूतली बहरोड़ जिला प्रभारी दीपचंद आर्य ने बानसूर विधानसभा क्षेत्र का एक दिवसीय दौरा किया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के सम्मान में! बीएसपी मैदान में!आर्य ने बताया कि बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष बहन कुमारी मायावती के निदेर्शानुसार बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में जिला कोटपूतली बहरोड यूनिट, व समर्थक तथा बसपा कार्यकर्ता दिनांक 24 दिसंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि भाजपा नेता व केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर पर की गई अपमान जनक व अमर्यादित टिप्पणी के विरोध में संवैधानिक व्यवस्था के तहत जिला मुख्यालय पर धरना व प्रदर्शन किया किया जाएगा और भारत के राष्ट्रपति के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा।एक दिवसीय धरना प्रदर्शन में सभी सम्मानित साथियों को सादर सूचित कर दिया गया है। आर्य ने बताया कि दिनांक 24.12.2024 को मंगलवार समय दोपहर 12:00 बजे स्थान नगर परिषद अंबेडकर पार्क कोटपूतली में में अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित होकर इसका विरोध प्रदर्शन करेंगे।ज्ञापन जिला प्रभारी, जिलाध्यक्ष,विधानसभा अध्यक्ष व जिम्मेदार साथी पूरी तैयारी के साथ में इस कार्यक्रम को मजबूती से सफल बनाएंगे।

आयोजन ग्राम पुरुषोत्तमपुरा में विशाल मेले व भण्डारे का होगा आयोजन

भगवान श्री जगन्नाथ का वार्षिकोत्सव समारोह आज

कोटपूतली (सीमा सन्देश सं)। निकटवर्ती ग्राम पुरुषोत्तमपुरा में मंगलवार को भगवान श्री जगन्नाथ का वार्षिकोत्सव समारोह बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया जायेगा। इस मौके पर विशाल व भव्य मेले एवं भण्डारे का आयोजन होगा। मन्दिर के प्रति लोगों की अटूट श्रद्धा होने से आसपास के गावों के अलावा 'कोलकाता, मुम्बई व दिल्ली से भी श्रद्धालू भगवान श्री जगन्नाथ के दर्शन करने आते हैं। इस अवसर पर भगवान श्री जगन्नाथ की प्रतिमा का श्रृंगार कर मन्दिर में विशेष सजावट की जायेगी एवं शाम को विशेष आरती का आयोजन होगा। मेले में अलग-अलग स्टालें सजाने के अलावा श्रद्धालू रात भर मशाल जलायेंगे। भगवान श्री जगन्नाथ के बाजरा व कढ़ी का भोग लगाकर प्रसादी का वितरण भी किया जायेगा। मंदिर को लेकर मान्यता है कि कृष्ण पक्ष की नवमी को जिस दिन यहां मेला लगता है उस दिन पुरी (उड़ीसा) में जगन्नाथ मन्दिर के कपाट बंद रहते हैं और भगवान जगन्नाथपुरी के बजाय पुरूषोत्तमपुरा में विराजमान होते हैं।

यह है मान्यता :- पुरुषोत्तमपुरा धाम के पीछे केशवदास नाम के एक शिष्य की अटूट आस्था से जुड़ी दिलचस्प कहानी है। गांव में वर्षों पहले एक केशवदास नाम का भक्त हर महीने उड़ीसा के जगन्नाथपुरी के दर्शन करने पैदल जाता था। उनको जगन्नाथपुरी जाने में करीब छह माह का समय लगता था। वक्त बीतने के साथ-साथ भक्त केशवदास वृद्ध हो गया। बताया जाता है कि एक रोज केशवदास रास्ते में थक कर बैठ गया, तभी भगवान जगन्नाथ ने भक्त केशवदास की लम्बी तपस्या से प्रसन्न होकर दर्शन दिए और कहा कि भक्त आज के बाद मैं स्वयं ही साल में एक बार तेरे गांव में आया करूंगा। तेरे गांव के नजदीक पुरुषोत्तमपुरा नामक ग्राम में अखेबड़ नाम का पर्वत है। इस पर्वत से एक शिला टूरकर नीचे आयेगी, जिसे मेरा स्वरूप मानकर पूजा करना। इसी स्थान के नीचे खुदाई करने पर एक कुईं निकलेगी, जिसमें सभी जाति के लोग पानी भरेंगे।

80 क्विण्टल प्रसादी होती है तैयार

भगवान श्री जगन्नाथ के वार्षिकोत्सव की तैयारियां वैसे तो 15 दिन पहले से ही शुरू हो जाती है। लेकिन भगवान जगन्नाथ की प्रसादी एक रोज पहले से बनना शुरू होती है। जिसमें 50 क्विण्टल बाजरा, 05 हजार लीटर कढ़ी, 02 क्विण्टल मूली, 02 क्विण्टल टमाटर, 70 किलो पालक को मिलाकर 80 क्विण्टल की प्रसादी तैयार होती है। प्रसादी का सबसे पहले भगवान श्री जगन्नाथ की प्रतिमा को भोग लगाने के बाद दिन भर मेले में आने वाले भक्तों को वितरित की जाती है।

विशाल सत्संग का होगा आयोजन

वार्षिकोत्सव वाली रात को विशाल सत्संग का आयोजन किया जाता है। भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शशि मित्तल ने बताया कि वार्षिकोत्सव समारोह में जयपुर ग्रामीण सांसद राव राजेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय विधायक हंसराज पटेल, विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़, जयपुर देहात उत्तर के जिलाध्यक्ष श्याम शर्मा समेत अनेक जनप्रतिनिधि शिरकत करेगें।

TATA

टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड

पंजीकृत पता : 11 वां तल, टॉवर ए, पेनिन्सुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर परेल, मुम्बई-400013

शाखा पता : द्वितीय तल द गुमान प्रथम, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर (राजस्थान)-302021

अचल सम्पत्ति के विक्रय के लिए सूचना

(प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के सहपठित नियम 9(1) के अन्तर्गत)

प्रतिभूतिकरण और वित्तीय आस्तियों का पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 सहपठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 8(6) और नियम 9(1) के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय के लिए 30 दिनों की ई-नीलामी सूचना

जन सामान्य तथा विशेष रूप से निम्नलिखित ऋणधारक और/सह-ऋणधारक या उनके विधिक वारिसों/प्रतिनिधियों (ऋणधारकों) को सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लेखित अचल सम्पत्ति जो **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड (टीसीएचएफएल)** के पास गिरवी है, का कब्जा टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया जा चुका है, को नीचे उल्लेखित ऋणधारक व सहऋणधारकों से बकाया की वसूली के लिए 'जो है जहां है', 'जैसा है जो है' तथा 'जो भी वहां है' बिना किसी रिकोर्स के आधार पर **28.01.2025** को विक्रय किया जाएगा। आरक्षित मूल्य एवं बयाना राशि जमा का उल्लेख नीचे है। यहां यह सूचित किया जाता है कि इस सुरक्षित आस्ति/सम्पत्ति का विक्रय किसी स्थगन/बिना अन्तराल ई-नीलामी द्वारा **28.01.2025** को अपराह्न 2 बजे किया जाएगा। ई-नीलामी में भाग लेने के लिए टीसीएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी को ईएमडी का डिमांड ड्राफ्ट सीलबंद लिफाफे में **27-01-2025** को सायं 5 बजे तक या उससे पूर्व शाखा पता **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**, द्वितीय तल द गुमान प्रथम, आम्रपाली सर्किल, वैशाली नगर, जयपुर (राज.) 302021 को प्रस्तुत करना होगा।

सुरक्षित आस्ति/अचल सम्पत्ति का विक्रय 'जैसी है वहां जो स्थिति है' के आधार पर किया जाएगा, जिनका संक्षिप्त विवरण यहां निम्नानुसार है :

क्रम. सं.	ऋण खाता संख्या	ऋणधारक (ों)/सह-ऋणधारक (ों) विधिक वारिस (ों)/ विधिक प्रतिनिधि /जमानतदार(ों) के नाम	डिमांड नोटिस के अनुसार राशि	आरक्षित मूल्य	बयाना राशि जमा	कब्जे का प्रकार	डिमांड नोटिस के अनुसार राशि
1)	TCHIN03060 00100091243 & TCHIN03060 00100160462 & 10122427	**श्री श्याम सुन्दर सोनी,** पुत्र श्री झाबर मल सोनी उर्फ झाबर मल, **श्री रवि कुमार सोनी,** पुत्र श्री श्याम सुंदर सोनी	ऋण खाता संख्या 10122427 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. 19,58,094/-(रुपए उन्नीस लाख अठावन हजार चौरानवे मात्र) तथा ऋण खाता संख्या TCHIN03060001001604 62 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. 4,28,629/-(रुपए चार लाख अठाईस हजार छह सौ उन्नतीस मात्र) तथा ऋण खाता संख्या TCHIN03060001000912 43 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. 3,53,213/-(रुपए तीन लाख तिरेपन हजार दो सौ तेरह मात्र) अर्थात कुल रु. 27,39,936/-(रुपये सताईस लाख उनतालीस हजार नौ सौ छत्तीस मात्र) 12-12-2023	रु. 26,30,100/- (रुपये छब्बीस लाख तीस हजार एक सौ मात्र)	रु. 2,63,010/- (रुपये दो लाख तिरेसठ हजार दस मात्र)	भौतिक	ऋण खाता संख्या TCHIN03060001000912 43 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. 4,19,821/-(रुपए चार लाख उन्नीस हजार आठ सौ इक्कीस मात्र) तथा अनुबंध संख्या TCHIN0306000100160 462 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. 5,02,970/- (रुपए पांच लाख दो हजार नौ सौ सत्तर मात्र) तथा अनुबंध संख्या 10122427 के अधीन बकाया व आप द्वारा देय राशि रु. 21,99,468/-(रुपए इक्कीस लाख निन्यानवे हजार चार सौ अड़सठ मात्र) अर्थात कुल रु. 31,22,259/-(रुपये इकत्तीस लाख बाईस हजार दो सौ उनसठ मात्र)
		अचल संपत्ति का विवरण: ग्राम निवारू, इलाका जिसे अलकापुरी आवासीय योजना के रूप में जाना जाता है, तहसील और जिला जयपुर - 302021 (राजस्थान) स्थित खसरा संख्या 425, 435/523 में समाहित, प्लॉट संख्या 81 और 82 पर निर्मित सम्पत्ति के द्वितीय तल पर आवासीय फ्लैट संख्या एस-02 के समस्त खण्ड व हिस्से, सुपर बिल्ट अप क्षेत्र अधिमापन 1105.17 स्कैयर फीट, बिक्री संलेख में उल्लेखित सभी सामान्य सुविधाओं का सहित।				
2)	TCHHL03060 00100074757	**स्वर्गीय श्रीमती कुइना एलिजबेथ,** पत्नी स्वर्गीय- श्री देवदत्त मसीह, अपने कानूनी उत्तराधिकारी के माध्यम से- (I) आशीष मसीह पुत्र स्वर्गीय श्रीमती कुइना एलिजबेथ- सह-ऋणधारक और कानूनी उत्तराधिकारी, (II) शिबा जेम्स, पुत्री स्वर्गीय श्रीमती कुइना एलिजबेथ- कानूनी उत्तराधिकारी, (III) अभिषेक मसीह, पुत्र स्वर्गीय श्रीमती कुइना एलिजबेथ, **श्री आशीष मसीह,** पुत्र स्वर्गीय श्री देवदत्त मसीह, **शिबा जेम्स,** पुत्री स्वर्गीय श्रीमती कुइना एलिजबेथ-कानूनी उत्तराधिकारी, **अभिषेक मसीह,** पुत्र स्वर्गीय श्रीमती कुइना एलिजबेथ-कानूनी उत्तराधिकारी	रु. 8,55,269/- (रुपये आठ लाख पचपन हजार दो सौ उनहत्तर मात्र) 15-12-2023	रु. 15,58,000/- (रुपये पंद्रह लाख अठावन हजार मात्र)	रु. 1,55,800/- (रुपये एक लाख पिचपन हजार आठ सौ मात्र)	भौतिक	रु. 9,86,162/- (रुपये नौ लाख छियासी हजार एक सौ बासठ मात्र)
		अचल संपत्ति का विवरण: सोनू अपार्टमेंट-12, रॉयल सिटी योजना, मचावा, कालवाड़ रोड, झोटवाड़ा, जयपुर - 302012 (राजस्थान) स्थित प्लॉट संख्या ए-71 पर निर्मित द्वितीय तल, आवासीय फ्लैट संख्या 402 के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 750 स्कैयर फीट, विक्रय संलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। सीमाबद्ध पूर्व-सड़क 40' चौड़ी; पश्चिम- प्लॉट नंबर ए-85; उत्तर- प्लॉट नंबर ए-72; दक्षिण- प्लॉट नंबर ए-70.				
3)	9945818	**श्री संजय कुमार शर्मा,** पुत्र श्री छग्गन लाल शर्मा, **श्रीमती पुष्पा देवी शर्मा,** पत्नी श्री छग्गन लाल शर्मा	रु. 11,30,950/- (रुपए ग्यारह लाख तीस हजार नौ सौ पचास मात्र) 15-04-2024	रु. 14,06,000/- (रुपए चौदह लाख छह हजार मात्र)	रु. 1,40,600/- (रुपए एक लाख चालीस हजार छह सौ मात्र)	भौतिक	रु. 12,31,158/- (रुपए बारह लाख इकतीस हजार एक सौ अट्ठावन मात्र)
		अचल संपत्ति का विवरण: ग्राम मांनचवा, इलाका जिसे सोनू अपार्टमेंट-16 के रूप में जाना जाता है , झोटवाड़ा कालवाड़ रोड, जयपुर शहर, तहसील एवं जिला जयपुर (राजस्थान) स्थित द्वितीय तल, प्लॉट संख्या ए-43(पूर्व मुखी) पर निर्मित आवासीय फ्लैट संख्या 402 के समस्त खण्ड व हिस्से, अधिमापन 760 स्कैयर फीट। बिक्री पत्र में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाओं के साथ। सीमाबद्ध: पूर्व-सड़क 40' चौड़ी; पश्चिम- प्लॉट नंबर ए-62; उत्तर- प्लॉट नंबर ए-44; दक्षिण- प्लॉट नंबर ए-42.				

नीलामी के समय जन सामान्य व्यक्तिगत रूप से बोली(यां) प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित है। इस विक्रय से जुड़े किसी भी अधिकारी या अन्य व्यक्ति का इस विक्रय निष्पादन प्रक्रिया के दौरान कोई कर्तव्य-अधिकार नहीं होगा तथापि अचल संपत्ति के विक्रय, बोली, अधिग्रहण या अधिग्रहण के प्रयास में प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कोई भी हित नहीं होगा।

विक्रय का विषय प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 में निर्धारित नियमों के अंतर्गत होगा तथा निम्नांकित शर्तों के अधीन किया जाएगा :

नोट: ई-नीलामी का आयोजन पोर्टल पर https://bankauctions.in पर 28.01.2025 को दोपहर 2.00 से सायं 3.00 के बीच 10 मिनट के प्रत्येक सीमित अंतराल के साथ किया जाएगा।

नियम व शर्तें : 1. अनुसूची में वर्णित विवरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के सर्वोत्तम ज्ञान एवं सूचना अनुसार कथन किए गए हैं, परन्तु इस उद्घोषणा में हुई किसी भी चूक, मिथ्या कथन या भूल के लिए अधोहस्ताक्षरकर्ता उत्तरदायी नहीं होंगे। बोली राशि, बोलीदार संबंधित किसी भी विवाद की स्थिति में अचल सम्पत्ति को नीलामी में पुनः रखना प्राधिकृत अधिकारी के विवेक पर निर्णय होगा। 2. अचल संपत्ति का विक्रय आरक्षित मूल्य से कम पर नहीं किया जाएगा। 3. बोली बढ़ाने की राशि **रु. 10,000/- (रुपए दस हजार मात्र)** रहेगी। 4. संपत्ति के क्रय हेतु प्रस्तुत सभी निविदाओं के साथ धरोहर राशि जो **'टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.,** के शाखा पते के पक्ष में देय डिमांड ड्राफ्ट के रूप में जमा होना आवश्यक है, असफल बोलीदाता को डिमांड ड्राफ्ट नीलामी के बाद वापस कर दिया जाएगा। **एनइएफटी/आरटीजीएस/आईएमपीएस के माध्यम से ईएमडी भुगतान के लिए कृपया प्रधिकृत अधिकारी से सम्पर्क करें।** 5. किसी भी उच्चतम बोलीदाता को सफल क्रयकर्ता घोषित करना हमेशा ही एक विधिसम्मत प्रक्रिया होती है एवं उसे कानूनी रूप से पात्र माना जाता है, जबकि उसकी बोली राशि आरक्षित मूल्य से कम नहीं होनी चाहिए। यह 'प्राधिकृत अधिकारी' के विवेक पर है कि उसे यह लगता है कि यह पर्याप्त नहीं है या ऐसा करना उसे उचित नहीं लग रहा हो। 6. दर्ज किये गये कारणों से यह 'प्राधिकृत अधिकारी' का स्वनिर्णय का अधिकार है कि वह विक्रय को आगे बढ़ा दे या रोक दे। 7. सम्पत्तियों का निरीक्षण **17.01.2025 को प्रातः 11 से सायं 5.00** बजे के मध्य पूर्व नियुक्ति के साथ किया जा सकता है। 8. व्यक्ति को क्रेता घोषित किया जाएगा, जब ऐसी घोषणा हो, प्राधिकृत अधिकारी के पास 24 घंटे में वह क्रय मूल्य/बोली की राशि का पच्चीस प्रतिशत (जिसमें ईएमडी राशि शामिल होगी) राशि जमा कर दे। इस जमा में असफल रहने पर सम्पत्ति ताजा नीलामी/निजी संधि से विक्रय हेतु रखी जाएगी। 9. प्राथमिक रूप से उपरोक्त अनुसार राशि जमा करने की दशा में, क्रेता को संपत्ति की पुष्टि की दिनांक से 15वें दिन या इससे पहले, 15 वें दिन अवकाश या रविवार हो तो 15वें दिन के पश्चात प्रथम दिन तक प्राधिकृत अधिकारी के पास क्रय बोली राशि की शेष राशि जमा करनी होगी। 10. उपरोक्त अवधि में भुगतान में किसी चूक की स्थिति में सम्पत्ति को निजी संधि द्वारा नई नीलामी/बिक्री के लिए रखा जाएगा। ईएमडी सहित जमा **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.** द्वारा जब्त कर ली जाएगी और चूककर्ता क्रेता सम्पत्ति के सभी दावों को खो बैठेगा। 11. **टाटा केपिटल हाउसिंग फाइनेन्स लि.** को ज्ञात सभी भार जो संपत्ति से संलग्न है : ऊपर दी गई सारणी के अनुसार। दावे, यदि कोई हो जो संपत्ति के संलग्न हो तथा अन्य ज्ञात विवरण की प्रकृति तथा मूल्य : ऊपर दी गई सारणी के अनुसार। संभावित बोलीदाताओं को सलाह दी जाती है कि सम्पत्ति पर सम्पत्ति-कर व विद्युत आदि के वैधानिक उत्तरदायित्व